भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.1476

जिसका उत्तर 10.02.2022 को दिया जाना है

मैसूर-मालाबार राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना

1476. डॉ. एम.पी.अब्दुस्समद समदानी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार के संज्ञान में यह आया है कि मल्लापुरम का संपूर्ण जिला प्रस्तावित मैसूर-मालाबार राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना, जो कि भारतमाला परियोजना का हिस्सा है, में शामिल नहीं किया गया है; और
(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का उक्त जिले को जिसमें एक अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन और कुछ रेलवे स्टेशन शामिल हैं, को प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना में शामिल करने का प्रस्ताव है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)
(क) से (ख) मैसूर- मल्लापुरम खंड को भारतमाला परियोजना के तहत चिन्हित किया गया है। परियोजना विशेषताओं, संरेखण, लागत, व्यवहार्यता आदि को अंतिम रूप देने के लिए इसके सड़क निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शुरू कर दी गई है। परियोजनाओं का निर्माण पारस्परिक प्राथमिकता, यातायात, निधियों की उपलब्धता और संपर्कता की आवश्यकता आदि के आधार पर शुरू किया जाता है।

*****